# कार्यालय अधिष्ठाता,
# पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्र./चिकि./स्था./ भर्ती/2024/1811 रायपुर, दिनांक 6/2/24

**:: विज्ञापन सूचना::**

पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में ICMR के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट "Pathway to resilience and mental health (PARAM)" के अंतर्गत "**प्रोजेक्ट सायकोलॉजिस्ट**" के 02 पद एवं "**जूनियर नर्स**" के 01 पद पर संविदा भर्ती हेतु दिनांक **13.02.2024** को **वाक–इन–इंटरव्यू** बोर्ड रूम में आयोजित किया गया है । विस्तृत विज्ञापन का अवलोकन महाविद्यालय के सूचना फलक व वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in में किया जा सकता है ।

वाक–इन–इंटरव्यू का समय निम्नानुसार है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | वाक–इन–इंटरव्यू का दिनांक | – | 13.02..2024 |
| 2. | पंजीयन | – | समय 10:00 से 12:00 बजे तक |
| 3. | स्क्रुटनी | – | समय 12:00 से 2:00 बजे तक |
| 4. | साक्षात्कार | – | समय 2:00 बजे से । |

6/2/24
**अधिष्ठाता**
पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

पृ.क्र./चिकि./स्था./2024/1812 – 14 रायपुर, दिनांक 6/2/24

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, जनसंपर्क विभाग, विज्ञापन शाखा, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ ।
2. सर्व सदस्य, चयन समिति की ओर सूचनार्थ ।
3. प्रभारी कंप्यूटर शाखा की ओर संस्था के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु ।

Head of Department
Community Medicine
Pt. J.N.M. Medical College
RAIPUR (C.G.) 492001

6/2/24
**अधिष्ठाता**
पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

# कार्यालय, अधिष्ठाता
# पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर, छ.ग.

क्र./चिकि./स्था./ भर्ती/2024/1815 — रायपुर, दिनांक 6/2/24

**:: विज्ञापन सूचना::**

पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर में ICMR के अंतर्गत संचालित प्रोजेक्ट "Pathway to resilience and mental health (PARAM)" के तहत स्वीकृत पदों पर **वाक–इन–इंटरव्यू** के माध्यम से संविदा आधार पर भर्ती किया जाना है । रिक्त पदों की संख्या एवं शैक्षणिक योग्यता निम्नानुसार है :–

**(1) Pathway to resilience and mental health (PARAM)**

| क्र | पद का नाम | रिक्तियां | मासिक समेकित वेतन* | आयु सीमा | योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|
| i | प्रोजेक्ट सायकोलॉजिस्ट | 02 (अना.–01) (अजजा.–01) | रू. 32000/– | अधिकतम 35 वर्ष | Master's Degree in Clinical Psychology/ Psychology from a recognized university (Regular Course). **Priority**: Experience in mental health/ Public Health. |
| ii | जूनियर नर्स | 01–अनारक्षित | रू. 18000/– | अधिकतम 30 वर्ष | B.Sc. Nursing degree (Rgular course) have live registration from C.G. Nurses Registration /Council. **Priority**: M.Sc./ Diploma in Mental Health/ Psychiatric Nursing Or Expeience in Mental health field. |

टीपः–

*उल्लेखित समेकित वेतन के अलावा कोई अन्य/अतिक्ति भत्ता दे नहीं होगा ।

– साक्षात्कार में भाग लेने वाले अथवा चयनित अभ्यर्थियों को कार्यभार ग्रहण करने हेतु पृथक से टी.ए./डी.ए.प्रदाय नहीं किया जावेगा ।

- वाक–इन–इंटरव्यू का दिनांक – 13.02.2024,
- पंजीयन -- समय 10:00 से 12:00 बजे तक
  (निर्धारित समयावधि के बाद पंजीयन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।)
- स्क्रुटनी – समय 12:00 बजे से 2:00 बजे तक
- इंटरव्यू – समय 2:00 बजे से

**(2) नियम एवं शर्तें :–**

1. आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है ।
2. वाक–इन–इंटरव्यू की तिथि में दर्शाए गए वांछित योग्यताएं पूर्ण होनी चाहिए ।
3. साक्षात्कार के समय समस्त आवश्यक दस्तावेज/ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र की मूल प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । दस्तावेज/प्रमाण पत्र में त्रुटिपूर्ण अथवा गलत पाये जाने पर चयन/उम्मीदवार स्वतः निरस्त माना जावेगा तथा वैधानिक कार्यवाही की प्रक्रिया किया जावेगा ।
4. नियुक्तिकर्ता अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य होगा ।
5. नियुक्ति पूर्णतः परियोजनांतर्गत संविदा आधार पर है तथा परियोजना के आवश्यकता या अनुबंध में वृद्धि नहीं की जाती है तो नियुक्ति स्वतः ही समाप्त हो जावेगा ।
6. नियुक्ति उभय पक्ष के द्वारा एक माह की सूचना अथवा एक माह का वेतन देकर समाप्त की जा सकती है ।
7. नियुक्त अभ्यर्थी को इस संस्था में किसी भी पद पर नियमित आधार पर नियुक्ति का दावा मान्य नहीं होगा ।
8. नियुक्त व्यक्ति को सौंपे गए कर्तव्यों का पालन करना होगा तथा किसी भी प्रकार की निजी प्रेक्टिस में स्वयं को संलग्न नहीं करेगा ।

Head of Department Community Medicine J.N.M. Medical College (C.G.) 492001

क्रमशः............2

9. नियुक्ति उपरांत निर्धारित तिथि तक कार्यभार ग्रहण करना आवश्यक होगा ।
10. चयन/प्रतीक्षा सूची जारी होने के दिनांक से एक वर्ष के लिए वैध होगी ।
11. आवेदक अपना आवेदन करने के पूर्व विज्ञापनों में दिए गए नियम एवं शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़कर ही वाक–इन–इंटरव्यु में सम्मिलित हो, भर्ती के संबंध में आगामी सूचना, निर्देश एवं भर्ती के संबंध में समस्त जानकारी संस्था के वेबसाईट www.ptjnmcraipur.in के माध्यम से दी जावेगी । किसी भी आवेदक को पृथक से सूचना प्रेषित नहीं की जावेगी अतः अभ्यर्थी निरंतर समय–समय वेबसाईट का अवलोकन करते रहें ।
12. विज्ञापन में उल्लेखित शर्तें/ महत्वपूर्ण निदेश/ जानकारी आदि का निर्वचन :– इस विज्ञापन में उल्लेखित शर्तें महत्वपूर्ण निर्देश/ जानकारी आदि के निर्वचन का अधिकार नियोक्ता प्राधिकारी का रहेगा एवं इस संबंध में किसी अभ्यर्थी के द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन मान्य नहीं किया जाएगा एवं नियोक्ता प्राधिकारी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम तथा अभ्यर्थी पर बंधनकारी होगा ।

**(3) चयन प्रक्रिया :–**

1. प्रवीण्यता क्रम के 10 पात्र अभ्यर्थियों का ही साक्षत्कार किया जावेगा ।
2. प्रवीण्यता क्रम हेतु अंकों का निर्धारण निम्नानुसार होगा :–

**(i) प्रोजेक्ट सायकोलॉजिस्ट के पद हेतु**

(क) बारहवीं में कुल प्राप्तांक के प्रतिशत का 30%

(ख) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में कुल प्राप्तांक (सभी वर्षों के प्राप्तांको का योग) के प्रतिशत का 70%

**(ii) जूनियर नर्स के पद हेतु**

(क) बारहवीं में कुल प्राप्तांक के प्रतिशत का 30%

(ख) बी.एस.सी.नर्सिंग पाठ्यक्रम में कुल प्राप्तांक (सभी वर्षों के प्राप्तांको का योग) के प्रतिशत का 70%

(उपरोक्त विज्ञापित पदों हेतु प्रवीण्यता सूची के प्रवीण्यता क्रम के 01 से 10 तक के अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा । साक्षात्कार हेतु निर्धारित अंक में पूर्णांक का 50% अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।)

3. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जाएगी अर्थात् जिस अभ्यर्थी की जन्मतिथि पहले होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जावेगी ।
4. साक्षात्कार में मूल्यांकन के आधार पर अंतिम चयन किया जावेगा ।
5. चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का पूर्ण अधिकार अधिष्ठाता, पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर को होगा ।

अधिष्ठाता
पं.ज.ने.स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय
रायपुर, छत्तीसगढ

Head of Department
Community Medicine
Pt. J.N.M. Medical College
RAIPUR (C.G.) 492001